अध्याय 2

इस्राएल की छावनी की व्यवस्था करना

जनगणना लेने के बाद, जैसे-जैसे परमेश्वर ने इस्राएलियों को प्रतिज्ञा के देश की ओर मार्ग बनाने के लिए तैयार किया परमेश्वर ने छावनी की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। गोत्रों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार समूहीकृत किया गया ताकि यात्रा के दौरान छावनी को शीघ्रता से खड़ा किया जा सके और गिराया जा सके।

छावनी की संरचना और कूच करने के आदेश (2:1-31)

एक अवलोकन (2:1, 2)

[1]फिर यहोवा ने मूसा और हारून से कहा, [2]"इस्राएली मिलापवाले तम्बू के चारों ओर और उसके सामने अपने-अपने झण्डे और अपने-अपने पितरों के घराने के निशान के समीप अपने डेरे खड़े करें।"

आयतें 1, 2. यहोवा ने मूसा और हारून से कहा प्रत्येक गोत्र को एक विशिष्ट स्थान दिया ताकि गोत्र मिलाप वाले तम्बू के चारों ओर उचित तौर पर छावनी लगाएं। उसने पहले से ही लेवियों को आज्ञा दी थी कि वे इसके चारों ओर इसकी रक्षा करने के लिए छावनी लगाएं ताकि गैर-इस्राएली इसके पास न आएं और परमेश्वर का क्रोध न भड़के (1:51-53)। परमेश्वर ने अन्य गोत्रों को आज्ञा दी कि वे **मिलापवाले तम्बू के चारों ओर कुछ दूरी पर डेरे खड़े करें**।

अध्याय 2 का शेष भाग छावनी की अधिकांश व्यवस्था को प्रकट करता है (देखें *परिशिष्ट: मिलापवाला तम्बू के चारों ओर इस्राएल का छावनी किए रहना,* पेज 158)। बारह गोत्रों को तीन-तीन के चार समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक समूह में, एक गोत्र को मुख्य गोत्र माना जाता था, और तीनों के प्रत्येक समूह को उस गोत्र के नाम से जाना जाता था: यहूदा, रूबेन, एप्रैम और दान (2:9, 16, 24, 31)।

गोत्रों को **अपने-अपने झण्डे और अपने-अपने पितरों के घराने के निशान के समीप अपने डेरे खड़े करने थे।** शब्द "निशान" (דֶּגֶל, *देगेल)* और "झण्डे" (אוֹת,

ओथ)[1] दोनों इस्राएल की छावनी के भीतर विभिन्न समूहों के बीच अन्तर करने के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी प्रकार के झण्डे का संदर्भ देते हैं। एक यहूदी टिप्पणीकार, राशी ने यह कहने का प्रयास किया कि इन्हें महायाजक के सीनाबन्द (निर्गमन 28:17-21) के मणियों के अनुरूप रंग से नामित किया गया था। अन्य बात यह है कि, इब्न एज्रा ने सोचा कि झण्डे के पास यहूदा के सिंह जैसे प्रतीक थे।[2] झण्डा तीन गोत्रों के समूहों में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करने वाला ध्वज हो सकता था, जबकि झण्डे व्यक्तिगत जनजातियों से जुड़े थे।[3]

पूर्व दिशा की ओर के गोत्र (2:3-9)

[3]"जो अपने पूर्व दिशा की ओर जहाँ सूर्योदय होता है अपने-अपने दलों के अनुसार डेरे खड़े किया करें, वे यहूदा की छावनी वाले झण्डे के लोग होंगे, और उनका प्रधान अम्मीनादाब का पुत्र नहशोन होगा, [4]और उनके दल के गिने हुए पुरुष चौहत्तर हज़ार छः सौ हैं। [5]उनके समीप जो डेरे खड़े किया करें वे इस्साकार के गोत्र के हों और उनका प्रधान सूआर का पुत्र नतनेल होगा, [6]और उनके दल के गिने हुए पुरुष चौवन हज़ार चार सौ हैं। [7]इनके पास जबूलून के गोत्रवाले रहेंगे, और उनका प्रधान हेलोन का पुत्र एलीआब होगा, [8]और उनके दल के गिने हुए पुरुष सत्तावन हज़ार चार सौ हैं। [9]इस रीति से यहूदा की छावनी में जितने अपने-अपने दलों के अनुसार गिने गए वे सब मिलकर एक लाख छियासी हज़ार चार सौ हैं। पहले ये ही कूच किया करें।"

अध्याय 2 में यह सूची, साथ ही अन्य, एक अलग शैली का अनुसरण करती हैं। तम्बू के सम्बन्ध में समूह का स्थान दिया गया है, साथ ही प्रमुख गोत्र का स्थान भी दिया गया है। इसके बाद, समूह के प्रत्येक गोत्र का नाम इसके अगुवे और लड़ने वाले पुरुषों की कुल संख्या के साथ रखा गया है। तीन गोत्रों को सूचीबद्ध करने के बाद, समूह की सेना के लिए अन्तिम जोड़ दिया गया है।

आयतें 3, 4. पहले समूह का स्थान **जहाँ सूर्योदय होता है** उस ओर **तम्बू की पूर्वी दिशा** में था। आँगन और तम्बू का द्वार पूर्व (सूर्योदय) के सामने था, जो प्राचीन निकट पूर्व में एक आम अभिविन्यास था। इस मामले में, उत्तर बाईं ओर था, दक्षिण दाएं था, और पश्चिम पीछे की ओर था।[4]

पहला समूह, जिसमें याकूब और लिआः के वंश के तीन गोत्र सम्मिलित थे, उसे **यहूदा की छावनी के** झण्डे के नीचे व्यवस्थित होना था। शायद इस्राएली और इस विशेष समूह का नेतृत्व करने के लिए यहूदा के गोत्र का चयन किया गया होगा क्योंकि यह सबसे बड़ा गोत्र था। इसके अलावा, यहूदा को याकूब (उत्पत्ति 49:8-12) से विशेष आशीष मिली थी, और राजा अंततः उसके वंशजों (दाऊद की पीढ़ी) से खड़े हुए।

चूंकि यहूदा ने छावनी की यात्रा का नेतृत्व करना था, इसलिए यह उचित था कि उन्हें तम्बू के पूर्व की तरफ ले जाया जाए क्योंकि सीनै से कनान देश की ओर

की यात्रा अधिकांश उत्तर और पूर्व में होने वाली थी। इसके अलावा, क्योंकि तम्बू का मुँह पूर्व की ओर था और याजकों (हारून के वंशज) ने तम्बू के पूर्व की ओर छावनी डाली थी, प्रधान गोत्र होने के नाते, यहूदा के लिए एक ही ओर स्थापित होना उपयुक्त था।

यहूदा की छावनी वाले लोगों का **प्रधान अम्मीनादाब का पुत्र नहशोन** था, और उनके दल के गिने हुए पुरुष 74,600 थे (देखें 1:7, 26, 27)।

आयतें 5, 6. यहूदा के साथ **इस्साकार के गोत्र** का स्थान था, जिसका प्रधान **नतनेल** था। उसकी सेना में 54,400 सैनिक थे (देखें 1:8, 28, 29)।

आयतें 7, 8. जबुलून के लोग भी यहूदा के समूह का भाग थे। उनके **अगुवे** का नाम **एलीआब** था, और उसकी सेना की कुल गिनती 57,400 थीं (देखें 1:9, 30, 31)।

आयत 9. यहूदा की छावनी का निर्माण करने वाले सभी गोत्रों में 186,400 सैनिक थे। यह चार समूहों में सबसे बड़ा था। जब छावनी एक नए स्थान पर कूच करती, तो **पहले कूच** करना उनकी ज़िम्मेदारी थी।

दक्षिण दिशा के गोत्र (2:10-16)

10"दक्षिण की ओर रूबेन की छावनी के झण्डे के लोग अपने-अपने दलों के अनुसार रहें, और उनका प्रधान शदेऊर का पुत्र एलीसूर होगा, 11और उनके दल के गिने हुए पुरुष साढ़े छियालीस हज़ार हैं। 12उनके पास जो डेरे खड़े किया करें वे शिमोन के गोत्र के होंगे और उनका प्रधान सूरीशद्दे का पुत्र शलूमीएल होगा, 13और उनके दल के गिने हुए पुरुष उनसठ हज़ार तीन सौ हैं। 14फिर गाद के गोत्र के रहें, और उनका प्रधान रूएल का पुत्र एल्यासाप होगा, 15और उनके दल के गिने हुए पुरुष पैंतालीस हज़ार साढ़े छः सौ हैं। 16रूबेन की छावनी में जितने अपने-अपने दलों के अनुसार गिने गए वे सब मिलकर एक लाख इक्यावन हज़ार साढ़े चार सौ हैं। दूसरा कूच इनका हो।"

आयतें 10, 11. दूसरा समूह, याकूब और लिआः से भी जुड़ा हुआ था,उसे तम्बू के **दक्षिण की ओर** छावनी लगाना निर्देशित किया गया था। "दक्षिण दिशा की ओ" (תֵּימָן, *देमैन)* का शाब्दिक रूप से अनुवाद किया जा सकता है "दाईं (हाथ) ओर।"[5] यह भाषा सूर्योदय की ओर तम्बू के पूर्वी अभिविन्यास की कल्पना करती है।

यह तीन-गोत्रीय समूह **रूबेन की छावनी के झण्डे** के अंतर्गत व्यवस्थित किया गया था। यह गोत्र रूबेन का वंशज था, जो याकूब और लिआः का जेठा पुत्र था (उत्पत्ति 29:32; 35:23)। उसने अपने पिता की रखैल (उत्पत्ति 35:22; 49:3, 4) के साथ सोने के द्वारा अपनी प्रधानता का त्याग कर दिया था। उसके भाइयों, शिमोन और लेवी को शकेम के खिलाफ अपने हिंसक बदला लेने के लिए भी दण्ड भी गया था, जिन्होंने उनकी बहन दीना को अशुद्ध कर दिया था (उत्पत्ति 34:25, 26; 49:5-7)। इसलिए, यहूदा को नेतृत्व स्थान दिया गया था। फिर भी, रूबेन

का गोत्र इस दूसरे समूह का प्रधान था।

रूबेन के गोत्र की अगुवाई **एलीसूर** के हाथों में थी, और उसके पास 46,500 सैनिक थे (देखें 1:5, 20, 21)।

आयतें 12, 13. शिमोन का गोत्र रूबेन के साथ स्थापित किया था, जिसकी प्रधानता **शलूमीएल, और उसके दल** ने की लोग जिनका जोड़ 59,300 था (देखें 1:6, 22, 23)।

आयतें 14, 15. इस समूह में **गाद** का गोत्र सम्मिलित था। इस गोत्र के पूर्वज लिआः की दासी ज़िल्पा के वंशज थे। तीनों का पूरा समूह बनाने के लिए गाद को लिआः के पुत्रों के साथ रखा गया था (1:20-43 पर टिप्पणियां देखें)। यह रिक्त स्थान प्रकट हुआ क्योंकि लिआः के पुत्र लेवी को याजकीय गोत्र के रूप में चुना गया था। गाद के गोत्र का **प्रधान एल्यासाप** था, और उसके दल के पुरुष संख्या में 45,650 थे (देखें 1:14, 24, 25)।

आयत 16. तीन गोत्रों को एक साथ मिलाकर, **रूबेन की छावनी** में 1,51,450 योद्धा थे। जब भी इस्राएलियों ने जंगल में यात्रा की, तब रूबेन की छावनी ने **दूसरे स्थान पर कूच किया**।

निवासस्थान और लेवीय (2:17)

17"उनके पीछे और सब छावनियों के बीचों-बीच लेवियों की छावनी समेत मिलापवाले तम्बू का कूच हुआ करे; जिस क्रम से वे डेरे खड़े करें उसी क्रम से वे अपन-अपने स्थान पर अपने-अपने झण्डे के पास-पास चलें।"

आयत 17. यहूदा और रूबेन की छावनियों के बाद, **मिलाप वाला तम्बू** को **लेवियों द्वारा** उठाकर छावनियों के केंद्र में कूच किया गया। यह तम्बू - जहाँ, एक भाव से परमेश्वर, अपने लोगों के साथ निवास करता था और मिला करता था - यह राष्ट्र के अस्तित्व के केंद्र में था। परमेश्वर को इस्राएल के जीवन का केंद्र होना था। याजकों समेत लेवियों ने तम्बू के निकटतम डेरे खड़े किए, जो इस्राएल में उनकी विशेष भूमिका का संकेत देते थे। उन्होंने परमेश्वर और उसके लोगों के मध्य मध्यस्थ के रूप में कार्य किया। लेवियों के डेरों की विशिष्ट स्थिति-जिसे याजकों, गेर्शोनियों, कोहातियों और मेरारियों समेत अध्याय 3 में दिया गया है।

कूच के लिए गोत्रों का क्रम 10:11-28 में दोहराया गया है। स्पष्ट है, गिनती बताती है कि प्रतिज्ञा के देश की ओर बढ़ना आरम्भ करने से पहले, इस्राएलियों को किस प्रकार व्यवस्थित होना था, फिर बाद में बताती है कि उन्होंने जो किया था उसे करने के लिए उन्हें पहले निर्देश दिए गए थे। अध्याय 2 में दिए गए क्रम और अध्याय 10 में वर्णित क्रम के बीच एक अन्तर यह है कि 2:16, 17 कहता है कि तम्बू को छावनियों के मध्य में, को रूबेन की छावनी के बाद उठाकर कूच करना था, जबकि 10:17, 21 कहता है कि वे लेवीय स्वयं तम्बू (गेर्शोनी और मरारी लोग) को रूबेन के गोत्र के से पहले ले चले थे, उनके साथ जो रूबेनियों के बाद

(कोहाती) तम्बू के सामान ले कर चलते थे (देखें *परिशिष्ट: इस्राएलियों का कूच करने का क्रम*, पेज 159)। गॉर्डन जे. वेनहैम ने देश में तम्बू के स्थान से सम्बन्धित अन्तर पर विचार किया। उन्होंने कहा, "2:17 इस बात को कह रहा है कि, उनके अपने-अपने डेरे खड़े करते समय, परमेश्वर के भवन को इस्राएल के केंद्र में होना था, और जब वे कूच करते, तब भी उसे बीच में होना था।"[6] अलग-अलग समूहों में उठाकर कूच करना होना तम्बू के लिए तार्किक था। तम्बू के सामान को रखने नए स्थान पर पहुंचने तक, तम्बू को स्वयं खड़ा किया जा सकता था।

इस्राएल के कूच करने के क्रम में के इस वर्णन में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि पूरी छावनी से पहले वाचा का संदूक (10:33) चला करता था, जिसे याजकों के द्वारा खम्भों पर ले जाया जाता था (निर्गमन 25:14)।

पश्चिमी दिशा की ओर के गोत्र (2:18-24)

18"पश्चिम की ओर एप्रैम की छावनी के झण्डे के लोग अपने-अपने दलों के अनुसार रहें, और उनका प्रधान अम्मीहूद का पुत्र एलीशामा होगा, 19और उनके दल के गिने हुए पुरुष साढ़े चालीस हज़ार हैं। 20उनके समीप मनश्शे के गोत्र के रहें, और उनका प्रधान पदासूर का पुत्र गम्लीएल होगा, 21और उनके दल के गिने हुए पुरुष बत्तीस हज़ार दो सौ हैं। 22फिर बिन्यामीन के गोत्र के रहें, और उनका प्रधान गिदोनी का पुत्र अबीदान होगा, 23और उनके दल के गिने हुए पुरुष पैंतीस हज़ार चार सौ हैं। 24एप्रैम की छावनी में जितने अपने-अपने दलों के अनुसार गिने गए वे सब मिलकर एक लाख आठ हज़ार एक सौ पुरुष हैं। तीसरा कूच इनका हो।"

आयतें 18, 19. तीसरे समूह को तम्बू के **पश्चिम दिशा की ओर** छावनी लगानी थी। "पश्चिम दिशा" शब्द יָם *(याम)* का अनुवाद है जिसका अर्थ "सागर" है। भले ही इस्राएली अभी प्रतिज्ञा के देश में नहीं थे, भाषा को फिलिस्तीन और भूमध्य सागर के पश्चिमी सीमा के दृष्टिकोण के रूप में लिया गया है। मूसा ने पेंटाट्यूक के अन्य भागों में भी इसी दिशा निर्देशन करने वाले शब्द का प्रयोग किया है (उत्पत्ति 13:14; 28:14; गिनती 35:5; व्यव. 3:27)।[7]

एप्रैम के गोत्र ने इस तीसरे समूह में प्रधानता की, जो याकूब और राहेल से उत्पन्न हुआ था। एप्रैम की प्रधानता ने यूसुफ के पुत्रों के विषय में याकूब की आशीष को पूरा किया। उत्पत्ति 48:19 में, पितृ ने कहा कि छोटा पुत्र एप्रैम बड़े पुत्र मनश्शे से "बड़ा" होगा। बाद में, एप्रैम इस्राएल के उत्तरी साम्राज्य में सबसे प्रमुख गोत्र बन गया।

एप्रैम का **प्रधान एलीशामा** नाम का एक पुरुष था, और उसके गोत्र से लड़ने वाले **पुरुषों** की कुल गिनती 40,500 थी (देखें 1:10, 32, 33)।

आयतें 20, 21. पश्चिमी समूह में एप्रैम के बड़े भाई **मनश्शे** के वंशज भी सम्मिलित थे। जो उस गोत्र **प्रधान** था उस पुरुष का नाम **गम्लीएल** था, और **उसके दल** में 32,200 सैनिक थे (देखें 1:10, 34, 35)।

आयतें 22, 23. यूसुफ के वंशजों के अतिरिक्त, इस तीसरे समूह में **बिन्यामीन के गोत्र** के लोग सम्मिलित थे। यह गोत्र में याकूब के बारह पुत्रों के अन्तिम भाग से मिलकर बना था; जब उसने उसे जन्म दिया तो राहेल की मृत्यु हो गई (उत्पत्ति 35:16-20)। यह सूचना मिलने के बाद कि याकूब के प्रिय पुत्र यूसुफ को मार डाला गया था, बिन्यामीन प्रिय बन गया (उत्पत्ति 44:27-31)। **बिन्यामीन के गोत्र** का **प्रधान अबीदान** था, और उसका दल 35,400 सैनिकों से बना था (देखें 1:11, 36, 37)।

आयत 24. एप्रैम की छावनी - जिसमें एप्रैम, मनश्शे और बिन्यामीन के गोत्र सम्मिलित थे - उनमें कुल 1,08,100 योद्धा पुरुष थे। पवित्र स्थान के पीछे स्थित उनका समूह चार समूहों में से सबसे छोटा था। चार समूहों के सम्बन्ध में, एप्रैम की छावनी ने **तीसरे स्थान पर कूच किया**। वे लेवियों (2:17) के बाद चले, जिन्हें इस गणना में नहीं गिना जाता।

उत्तरी दिशा की ओर के गोत्र (2:25-31)

25"उत्तर की ओर दान की छावनी के झण्डे के लोग अपने-अपने दलों के अनुसार रहें, और उनका प्रधान अम्मीशद्दे का पुत्र अहीएजेर होगा, 26और उनके दल के गिने हुए पुरुष बासठ हज़ार सात सौ हैं। 27और उनके पास जो डेरे खड़े करें वे आशेर के गोत्र के रहें, और उनका प्रधान ओक्रान का पुत्र पगीएल होगा, 28और उनके दल के गिने हुए पुरुष साढ़े इकतालीस हज़ार हैं। 29फिर नप्ताली के गोत्र के रहें, और उनका प्रधान एनान का पुत्र अहीरा होगा, 30और उनके दल के गिने हुए पुरुष तिरपन हज़ार चार सौ हैं। 31और दान की छावनी में जितने गिने गए वे सब मिलकर एक लाख सत्तावन हज़ार छ: सौ हैं। ये अपने-अपने झण्डे के पास पास होकर सबसे पीछे कूच करें।"

आयतें 25, 26. चौथे और अन्तिम समूह ने तम्बू के **उत्तर की ओर** डेरा खड़ा किया। इस समूह में, दान, आशेर और नप्ताली समेत तीन गोत्र याकूब और उसकी पत्नियों की दासी, बिल्हा और जिल्पा (उत्पत्ति 35:25, 26) के वंशज थे। इन गोत्रों के प्रतिज्ञा के देश में प्रवेश करने के बाद, वे सभी उत्तरी इस्राएल में बस गए, दान का गोत्र वहाँ से दूर चला गया (यहोशू 19:24-39; न्यायियों 18)। उनके डेरों के सम्बन्ध में, तीन गोत्र **दान की छावनी के झण्डे** के नीचे एकजुट थे।

दान के गोत्र का **प्रधान अहीएजेर** था, और उसके लोगों में लड़ने के योग्य **गिने हुए पुरुष** 62,700 थे (देखें 1:12, 38, 39)। दान दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला गोत्र था , जो यहूदा के 74,600 पुरुषों से पीछे था (2:4)।

आयतें 27, 28. दान के साथ में डेरा खड़ा करने वाला गोत्र **आशेर का गोत्र था**। इस गोत्र का **प्रधान पगीएल** था, और उसके दल के कुल योद्धा 41,500 (देखें 1:13, 40, 41)।

आयतें 29, 30. दान और आशेर के साथ **नप्ताली का गोत्र** था, जिसका प्रधान

अहीरा था, और उसके दल में 53,400 लोग थे (1:15, 42, 43 देखें)।

आयत 31. कुल मिलाकर, **दान की छावनी** के योद्धाओं की संख्या 1,57,600 थी। इस समूह ने चार समूहों में आखिर में कूच किया; वे छावनियों के पीछे थे। सभी चार समूहों ने **झण्डों के अनुसार कूच किया**। इन झण्डों का प्रयोग "यात्रा की शुरुआत में अनुसरण की जाने वाली दिशा का संकेत करने के लिए किया गया।"[8]

परमेश्वर की आज्ञाओं के प्रति इस्राएल की आज्ञाकारिता (2:32-34)

[32]इस्राएलियों में से जो अपने-अपने पितरों के घराने के अनुसार गिने गए वे ये ही हैं; और सब छावनियों के जितने पुरुष अपने-अपने दलों के अनुसार गिने गए वे सब मिलकर छ: लाख तीन हज़ार साढ़े पाँच सौ थे। [33]परन्तु यहोवा ने मूसा को जो आज्ञा दी थी उसके अनुसार लेवीय तो इस्राएलियों में गिने नहीं गए। [34]इस प्रकार जो-जो आज्ञा यहोवा ने मूसा को दी थी इस्राएली उन आज्ञाओं के अनुसार अपने-अपने कुल और अपने-अपने पितरों के घरानों के अनुसार, अपने-अपने झण्डे के पास डेरे खड़े करते और कूच भी करते थे।

आयतें 32, 33. छावनियों के लड़ने वाले पुरुषों की **कुल** संख्या, जो **उनके दलों के अनुसार गिना गया** – 6,03,550 - इन्हें यहाँ दोहराया गया है (देखें 1:44-46), इस अनुस्मारक के साथ इस समय **... लेवीय इस्राएलियों में गिने नहीं गए। जो-जो आज्ञा यहोवा ने मूसा को दी थी**, उसे ध्यान में रखते हुए। इस पहली जनगणना में इन पुरुषों को दो सम्भावित कारणों से नहीं गिना गया (हालांकि उन्हें अध्याय 3 और 4 में गिना गया था)। (1) इस जनगणना का उद्देश्य इस्राएल की आने वाली लड़ाई में लड़ने के लिए उपलब्ध पुरुषों की संख्या निर्धारित करना था, और लेवियों को इस जिम्मेदारी से छूट दी गई थी। (2) जनगणना का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया गया जाना था कि प्रत्येक गोत्र को कितनी भूमि आवंटित की जाएगी जब वे शीघ्र ही प्रतिज्ञा के देश में प्रवेश करेंगे। इस क्षण तक, इस्राएल ने पाप नहीं किया था और सम्भवतः कुछ सप्ताहों या महीनों में कनान में प्रवेश करने की आशा कर सकता था। लगभग 40 वर्ष बाद की गई दूसरी जनगणना वास्तव में कनान पर विजय प्राप्त करने के बाद भूमि के आवंटन को निर्धारित करने के लिए उपयोग की गई थी। चूंकि लेवियों को नहीं मिली, बल्कि उन्होंने पूरे देश में नगरों को प्राप्त किया (अध्याय 35), उन्हें गोत्रों की जनगणना में गिना नहीं गया था।

आयत 34. अध्याय 1 के समान ही, यह अध्याय एक हर्षित स्वर के साथ समाप्त होता है कि इस्राएलियों ने इन निर्देशों का पालन किया **उस सब के अनुसार जिसकी आज्ञा यहोवा ने मूसा को दी थी**। उस व्यवस्था के अनुसार जो परमेश्वर ने उन्हें दी थी, वे **अपने-अपने कुल और अपने-अपने पितरों के घरानों के अनुसार, अपने-अपने झण्डे के पास डेरे खड़े करते और कूच भी करते थे**, उस क्रम के अनुसार

जैसा कि उसने विशिष्ट रूप से बताया था। कहानी का अन्त बहुत अलग होता यदि इस्राएल ने परमेश्वर के निर्देशों का पालन करना जारी रखा होता जैसा कि उन्होंने इस अवसर पर किया था।

अनुप्रयोग

कलीसिया में क्रम (अध्याय 2)

गिनती में परमेश्वर द्वारा सावधानी पूर्वक दिए गए निर्देशों के सम्बन्ध में कि इस्राएल को किस प्रकार व्यवस्थित किया गया, दोनों जब उन्होंने डेरे खड़े किया और कूच किया, तो संकेत मिलता है कि वह व्यवस्था को महत्व देता है। हमें इस तथ्य पर आश्चर्य नहीं करना चाहिए, परमेश्वर क्रम का परमेश्वर है। परिणामस्वरूप परमेश्वर, आज भी, चाहता है कि उसकी कलीसिया व्यवस्थित तरीके से कार्य करे।

नए नियम के समय में, जब यह पता चला कि विधवाओं कि अनदेखी की जा रही थी, प्रेरित पुरुषों ने सलाह दी कि कलीसिया के भलाई के कार्यों को सात योग्य पुरुषों के द्वारा व्यवस्थित किया जाए (प्रेरितों 6:1-6)। पहली सुसमाचार यात्रा के अन्त में, पौलुस और बरनबास ने उन स्थानों का फिर से भ्रमण किया जहाँ पर उन्होंने सुसमाचार का प्रचार किया था और "प्रत्येक कलीसिया में उनके लिए प्राचीनों को नियुक्त किया" (प्रेरितों 14:23)। बाद में, पौलुस ने तीतुस को क्रेते में, इन निर्देशों के साथ छोड़ा कि "तू शेष बातों को सुधारे, और मेरी आज्ञा के अनुसार नगर-नगर प्राचीनों को नियुक्त करे" (तीतुस 1:5)। पहली शताब्दी में, स्थानीय मण्डलियों में "देखभाल करने वालों और डीकनों" के द्वारा सेवा की जाती थी (फिलि. 1:1)।[9]

पवित्रशास्त्रीय व्यवस्था की कमी रखने वाली किसी भी मण्डली को परमेश्वर के क्रम के अनुसार व्यवस्थित होने की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। महान आज्ञा को पूरा करने में परमेश्वर के लोगों को भी व्यवस्थित होने का प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा, आराधना सेवाओं को एक व्यवस्थित और आदरणीय तरीके से आयोजित किया जाना चाहिए। पौलुस ने लिखा कि कलीसिया की सभा में "सारी बातें शालीनता और व्यवस्थित रूप से की जाएँ" (1 कुरि. 14:40)। अंततः, "परमेश्वर गड़बड़ी का नहीं, परन्तु शान्ति का परमेश्वर है" (1 कुरि. 14:33)।

समाप्ति नोट्स

[1]शब्द *'ओथ* पुराने नियमों में विभिन्न प्रकार के "संकेतों" के लिए प्रयोग किया गया है। ऐसे "संकेत" स्मारक सहायकों के रूप में कार्य करते हैं। वे अकसर एक व्यक्ति को परमेश्वर के सामने अपने कर्तव्यों को याद रखने और भूतकाल में किए गए परमेश्वर के सामर्थी कार्यों को स्मरण करने में सहयता करते हैं। (फिलिप जे. बड, *गिनती*, वर्ड बिब्लिकल कमेंट्री, वॉल्यूम 5 [वाको, टेक्ससः वर्ड बुक्स, 1984], 23.) [2]टिमोथी आर. एशली, *द बुक ऑफ़ गिनती*, द न्यू इंटरनेशनल कमेन्ट्री ऑन द ओल्ड टेस्टमेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1993), 68. [3]उपरोक्त, 73. [4]ब्रेवार्ड एस. चाइल्डस, "ओरिएंटेशन," इन *द इंटरप्रेटर्स डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल*,

एड. जॉर्ज आर्थर बटरिक (नेशविल: अबिंगडन प्रेस, 1962), 3:608. [5]फ्रांसिस ब्राउन, एस. आर. ड्राइवर, एण्ड चार्ल्स ए. ब्रिग्गस, *ए हिब्रू एंड इंग्लिश लेक्सिकॉन ऑफ़ द ओल्ड टेस्टमेंट* (ऑक्सफोर्ड: क्लेरेंडन प्रेस, 1972), 412. [6]गॉर्डन जे. वेनहैम, *गिनती*, द टिंडेल ओल्ड टेस्टामेंट कमेंट्रीज (डाउनर्स ग्रोव, इलनॉयसः इंटर-वर्सिटी प्रेस, 1981), 68. [7]ब्राउन, ड्राईवर, एण्ड ब्रिग्गस, 411. [8]आर. के. हैरिसन, *गिनती: एन एक्सेजेटिकल कमेंट्री* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1992), 54. हैरिसन द्वारा उद्धृत इन संकेतों के अन्य उपयोगों में सम्मिलित हैं: युद्ध के लिए तुरही बजाने के लिए संकेत, सैनिकों की एक इकाई को एकत्र करना, और धार्मिक उद्देश्यों के लिए लोगों का जूलूस निकालना। [9]"देखभाल करने वालों" को "प्राचीनों" (या "प्रिस्बितुर") और "चरवाहों" (या "पादरी") के रूप में भी जाना जाता था। इन नियमों (या उनकी सम्बन्धित क्रियाएं) प्रेरितों 20:17, 28 और 1 पतरस 5:1, 2 में एक साथ दिखाई पड़ती हैं। "देखभाल करने वालों" और "डीकनों" की योग्यता 1 तीमुथियुस 3:1-13 और तीतुस 1:5-9 में दी गई है।